9668-A

B.A. LL.B. (Hons.) 5 Year Course (w.e.f. May-18)
2nd Semester Examination, May-2025
Hindi-II (Samanya Evam Vidhik Hindi-2)
(w.e.f. May-2021)
Paper : 1714-A

Time allowed : 3 Hours] *[Maximum marks : 80*

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. 'महाभोज' उपन्यास की मूल संवेदना की समीक्षा कीजिए। 14

अथवा

'दा साहब' की चरित्रगत विशेषताएं लिखिए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 2×7=14

(क) मज़मे में हल्की-सी सुरसुराहट होने लगी तो सुकुल बाबू के चेहरे पर चमक और आवाज में तेजी आ गई-मैं मानता हूँ कि हमसे गलतियाँ हुई। आपने दिखा दीं और हमने मान ली। क्योंकि जनता कभी गलती नहीं करती। इस सरकार ने आपकी सुख-शांति, उन्नति-समृद्धि के लिए बड़े-बड़े आश्वासन दिए... हम आश्वस्त हुए, क्योंकि जनता के कल्याण में ही हमारा सुख है।

(ख) चपरासी बाहर निकला तो दा साहब ने फाइल बंद करके एक ओर सरका दी। फाइल मेज पर से ही नहीं सरकी - दिमाग़ और चेहरे पर से भी सरका गई। उसूल है दा साहब का कि जिससे भी मिलो, पूरी तरह से मिलो। यह नहीं कि दिमाग तो कहीं और अटका है और आने वाले को 'हाँ-हूँ' करके टरका रहे हैं। नहीं समय है तो साफ़ मना कर दो। साफगोई में वे विश्वास रखते हैं और दूसरे से भी उसकी अपेक्षा करते हैं।

(ग) 'बात एक अकेले बिसेसर की नहीं। ऐसे हजारों नेक और भले बिसेसर जेलों में ठूँस दिए गए थे। हम लोगों ने जब उन्हें छोड़ा तो एकदम पस्त? सारी जीवन-शक्ति ही निचुड़ गई हो जैसे। कुछ भी झेलने सहने लायक नही छोड़ा इसकी आत्महत्या के पीछे यह भी एक कारण है।'

(घ) 'पुलिस वालों का दृष्टि बहुत निष्पक्ष और तटस्थ होनी चाहिए- कुछ के साथ सीमातीत सद्व्यवहार और कुछ के साथ अकारण ही दुर्व्यवहार। असंतोष फैलता है ऐसी बातों से। मैंने उन्हें वहाँ असंतोष दूर करने के लिए भेजा था, फैलाने के लिए नहीं।'

https://www.mdupapers.com

3. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : 14

(क) संविधान में अभिव्यक्त सामाजिक न्याय

(ख) राजभाषा हिन्दी : संवैधानिक प्रावधान

(ग) भारत में मानवाधिकार

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **सात** विधि शब्दों के अंग्रेजी शब्द लिखकर हिंदी में वाक्य बनाइये : 2×7=14

निषिद्ध, पदेन, प्रशासनिक, विवेकाधिकार, पारपत्र, बंदी प्रत्यक्षीकरण, भर्त्सना, भूतलक्षी, मुख्य निर्वाचन आयुक्त, लोक अपदूषण, वचनपत्र, विचार-विमर्श, विधिक क्षति, विमति, सम्पुष्टि।

5. **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं** तथा प्रत्येक प्रश्न 3 अंकों का है : 8×3=24

(क) 'महाभोज' उपन्यास के कथोपकथन पर टिप्पणी कीजिए।

(ख) 'महाभोज' उपन्यास में राजनीतिक यथार्थ पर टिप्पणी कीजिए।

(ग) बिन्दा का चरित्र चित्रण कीजिए।

(घ) 'महाभोज' उपन्यास के परिप्रेक्ष्य में मन्नू भण्डारी की उपन्यास कला का विवेचन कीजिए।

(ङ) सुकुल बाबू का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(च) जनहित याचिका (PIL) पर अपने विचार प्रकट कीजिए।

(छ) लोक अदालत की प्रासंगिकता पर विचार प्रकट कीजिए।

(ज) प्रत्यानुभूति और प्रतिग्रहण शब्दों के अंग्रेजी अर्थ लिखकर हिंदी में वाक्य बनाइये।

https://www.mdupapers.com